एफ.संख्या 13-02/सा.प्र./2019-20/एफएसएसएआई
भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
तृतीय तल, एफडीए भवन, कोटला रोड,
नई दिल्ली - 110002

दिनांक 6 दिसम्बर, 2019

निविदा सूचना

लोधी रोड, नई दिल्ली स्थित स्टेडियम में द्वार संख्या 2 के आस-पास 25 से 29 दिसम्बर, 2019 तक आयोजित होने वाले ईट राइट मेला के लिए फैब्रीकेशन एजेंसी नियुक्त करने के लिए निविदा आमंत्रित करना

जवाहर लाल नेहरु स्टेडियम (जेएलएनएस), लोधी रोड, नई दिल्ली - 110003 के द्वार संख्या 2 पर खुले मैदान में आर.एफ.एस. के परिशिष्ट - क में सूचीबद्ध मदों/कार्यों और सेवाओं के ब्यौरे के अनुसार, ईट राइट मेला आयोजित करने, 11वें राष्ट्रीय स्ट्रीट फूड फेस्टीवल में सहभागिता के साथ, के लिए खाद्य वेंडरों के लिए स्टाल, पगोडा और प्रदर्शन पोडियम/प्लेटफार्म के अस्थायी निर्माण तथा मदों की आपूर्ति और अवसरंचनाओं के विकास के लिए मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। यह निविदा दो भागों अर्थात तकनीकी और वाणिज्यिक / मूल्य निविदा में प्रस्तुत की जाएगी। तकनीकी बोली में ईएमडी, सभी नियम और शर्तों के संबंध में स्वीकृति की घोषणा, पिछला अनुभव, प्रदर्शन आदि का उल्लेख है और मूल्य निविदा निर्धारित प्रपत्र अर्थात इस आर.एफ.पी. के साथ संलग्न अनुबंध-5 के अनुसार होगा। कृपया मुहरबंद लिफाफे पर उपर्युक्त शीर्षक, आरएफ संख्या और बोली के खुलने की तारीख का उल्लेख करें ताकि निविदा को अवैध घोषित किए जाने की स्थिति उत्पन्न न हो सके।

2. निविदा दस्तावेज एफ.एस.एस.ए.आई. की वैबसाइट के साथ-साथ सी.पी.पी. पोर्टल पर भी दर्शाया गया है। निविदा दस्तावेज यथोचित रुप से भर कर संबंधित सहायक दस्तावेज के साथ सहायक निदेशक (सा.प्र.), एफ.एस.एस.ए.आई., तृतीय तल, एफ.डी.ए. भवन, कोटला रोड, नई दिल्ली-110002 को संबोधित करते हुए **16 दिसम्बर, 2019 तक 1100 बजे तक** अथवा इसके पहले प्रस्तुत की जा सकती हैं और उसके साथ बयाना राशि जमा (ईएमडी) के रुप में 1,50,000/-रुपए (मात्र एक लाख पचास हजार रुपए) (बिना ब्याज के) का डिमांड ड्राफ्ट / भुगतान आदेश भी संलग्न करें। इस निविदा के लिए किसी शुल्क का भुगतान नहीं किया जाना है। बयाना राशि जमा (ईएमडी) के प्रति डिमांड ड्राफ्ट/भुगतान आदेश वरिष्ठ लेखा अधिकारी, एफ.एस.एस.ए.आई के पक्ष में हो और नई दिल्ली में देय हो।

3. निविदा दस्तावेज (अहस्तांतरणीय), जिसमें विस्तृत विशिष्टियां, नियम एवं शर्तें दी गई हैं, एफ.एस.एस.ए.आई. मुख्यालय, सामान्य प्रशासन प्रभाग, तृतीय तल, एफ.डी.ए. भवन, कोटला रोड, नई दिल्ली-110002 से भी प्राप्त किया जा सकता है। निविदा दस्तावेज और बोली के प्रस्तुतिकरण की लागत के संबंध में उपर्युक्त प्रकार से भुगतान करके एफ.एस.एस.ए.आई. की वैबसाइट: www.fssai.gov.in अथवा सी.पी.पी. पोर्टल www.eprocure.gov.in/epublish/app के माध्यम से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

पत्र व्यवहार का पता : सहायक निदेशक (सामान्य प्रशासन), भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण, तृतीय तल, एफडीए भवन, कोटला रोड, नई दिल्ली-110002

सहायक निदेशक(सामान्य प्रशासन)
भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण